
# विज्ञापन लेखन



आज विज्ञापन व्यवसाय का एक प्रमुख अंग बन चुका है। विज्ञापन के बिना व्यवसाय की कल्पना करना भी असंभव है। हर व्यापारी अपने उत्पाद की विशेषताएँ, प्राप्ति और स्थान के बारे में ग्राहक को जानकारी देना चाहता है। इसके लिए विज्ञापन ही सशक्त माध्यम है। आज विज्ञापन के माध्यम से उत्पाद के बाज़ार में आने से पहले ही उसके बारे में ग्राहक के मन में जिज्ञासा उत्पन्न कर दी जाती है। इसका परिणाम यह होता है कि उत्पाद के बाज़ार में आने पर लोग उसे खरीदने के लिए उत्सुक रहते हैं।

## Topic Notes

- अंक विभाजन
- विज्ञापन का अर्थ
- विज्ञापन के उद्देश्य
- विज्ञापन लेखन की विशेषताएँ
- विज्ञान के प्रकार
- विज्ञापन लेखन के तत्व
- विज्ञापन का प्रारूप

आज का युग विज्ञापन का युग है। विज्ञापन एक ऐसी कला है जिसके माध्यम से उत्पादक अपने सामान की गुणवत्ता, सूचना, जानकारी और कीर्ति को जन-जन तक पहुँचाता है। वर्तमान में तो व्यापार ही विज्ञापनों पर निर्भर है। पाठ्यक्रम में विज्ञापन के लिए 5 अंक निर्धारित किए गए हैं।

| अंक विभाजन | |
|---|---|
| रचनात्मक प्रस्तुति/प्रारूप | 2 अंक |
| विषय-वस्तु | 2 अंक |
| भाषा की शुद्धता | 1 अंक |
| कुल अंक | 5 अंक |

# विज्ञापन का अर्थ

किसी भी वस्तु या सेवा की बिक्री को प्रचलित करने हेतु उसकी सूचना जन-जन तक संचारित करना ही विज्ञापन कहलाता है। इसके माध्यम से उपभोक्ताओं तक उत्पाद संबंधी दृश्य अथवा श्रव्य सूचनाएँ पहुँचाई जाती हैं। आज विज्ञापन लेखन एक व्यवसाय बन गया है जिसने उन्नति की अपार संभावनाओं के द्वार खोल दिए हैं। यदि विज्ञापन ज्यादा से ज्यादा लोगों को सामान खरीदने के लिए प्रोत्साहित करेगा, तो बिक्री खुद-ब-खुद बढ़ जाएगी। ऐसी स्थिति में निर्माता उस वस्तु विशेष के मूल्य में कमी कर सकता है, जिससे उसका लाभ उसके उपभोक्ता को मिल सकेगा। अत: यह कहा जा सकता है कि एक प्रभावी उत्पाद वही है, जो क्रेता और विक्रेता दोनों को ही आर्थिक लाभ पहुँचाता है।


# विज्ञापन के उद्देश्य

- नवीन उत्पाद अथवा सेवा की सूचना जन-जन तक पहुँचाना।
- उत्पाद के प्रति जनता के मन में रुचि एवं विश्वास जागृत करना।
- किसी उत्पाद की श्रेष्ठता और गुणवत्ता की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित करना।
- उपभोक्ताओं के मन पर प्रभाव डालना।
- उपभोक्ताओं की माँग में वृद्धि करना।
- उत्पाद खरीदने के लिए उपभोक्ताओं को प्रेरित करना।
- बाज़ार में उत्पाद कंपनियों को स्थिरता प्रदान करना।

# विज्ञापन लेखन की विशेषताएँ

- विज्ञापन देखने में आकर्षक हो।
- विज्ञापन की भाषा ऐसी होनी चाहिए जो साधारण मनुष्य भी पढ़कर समझ सके।
- विज्ञापित वस्तु की विशेषता और महत्व को विज्ञापन में बताना चाहिए।
- आवश्यकतानुसार स्लोगन (नारा) का प्रयोग करना चाहिए।
- विज्ञापन की भाषा जितनी सरल होगी, वे उतने ही संप्रेषणीयता से युक्त होंगे।
- विज्ञापन में संक्षिप्तता का होना आवश्यक है।
- विज्ञापन की अभिव्यक्ति इस प्रकार की होनी चाहिए जो ग्राहक के मन में उत्पाद के प्रति विश्वास जगा सके।
- विज्ञापन लेखन में भाषा की संगतता होनी चाहिए।
- विज्ञापन में आश्चर्य और चमत्कार उत्पन्न होने वाली भाषा का प्रयोग होना चाहिए जिससे विज्ञापन ग्राहक को आकर्षित कर सके।
- विज्ञापित वस्तु का चित्र देना भी श्रेयस्कर होगा।
- विज्ञापन लेखन में पूर्णता का होना अनिवार्य है।
- विज्ञापित वस्तु के गुण तथ्यपूर्ण होने चाहिए।

# विज्ञापन के प्रकार



### 1. राष्ट्रीय विज्ञापन

इस तरह के विज्ञापन विक्रेता कम्पनी द्वारा अपने उत्पाद का प्रचार पूरे देश में करने के लिए बनाए जाते हैं। इस तरह की वस्तुओं की बिक्री पूरे देश में की जाती है। कई बार एक ही राष्ट्रीय विज्ञापन कई भाषाओं में बनाया जाता है। जैसे—बड़ी कम्पनियों के मोबाइल फोन, फ्रिज, एसी, टीवी या किसी खाद्य उत्पाद आदि से संबंधित ।

### 2. औद्योगिक विज्ञापन

औद्योगिक विज्ञापन सामान्य जनमानस के लिए नहीं होते हैं। इस तरह के विज्ञापन उद्योग-धंधों से संबंधित वस्तुओं जैसे कच्चे माल, उपकरणों, कलपुर्ज़ों या पार्ट्स आदि की बिक्री के उद्देश्य से बनाए जाते हैं। जो औद्योगिक क्षेत्र में काम करने वाली कम्पनियों के लिए होते हैं।

### 3. जनकल्याण संबंधी विज्ञापन

जनकल्याण से संबंधित सूचनाओं को लोगों तक पहुँचाने के लिए जनकल्याण संबंधित विज्ञापनों का सहारा लिया जाता है जैसे रक्तदान, एड्स या टीबी की बीमारी का इलाज संबंधी, कन्या भ्रूण हत्या को रोकने, बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ अभियान, स्कूल चलो अभियान, प्रदूषण की समस्या, स्वच्छ भारत अभियान आदि। यह सरकारी, अर्द्ध सरकारी व स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा दिए जाते हैं।

### 4. स्थानीय विज्ञापन

इस तरह के विज्ञापन स्थानीय स्तर या किसी क्षेत्र विशेष में वस्तुओं की बिक्री बढ़ाने के लिए दिए जाते हैं। इन्हें स्थानीय लोगों की पसंद को ध्यान में रखकर बनाया जाता है। ये छोटे क्षेत्र में किसी वस्तु के प्रचार-प्रसार के लिए होते हैं। इनका प्रचार-प्रसार स्थानीय समाचार-पत्रों, क्षेत्रीय टीवी, केबल नेटवर्क, बैनर, पोस्टर आदि के द्वारा किया जाता है।


### 5. वर्गीकृत विज्ञापन

वर्गीकृत विज्ञापन जैसे किराये के लिए घर या दफ्तर, नौकरी /रोजगार, वैवाहिक, पुराने सामान की बिक्री (कार, फर्नीचर आदि) आदि से संबंधित होते हैं। इनका प्रचार-प्रसार स्थानीय समाचार-पत्रों, क्षेत्रीय टीवी, केबल नेटवर्क, बैनर, पोस्टर आदि के द्वारा किया जाता है। टेक्नोलॉजी के इस युग में अब वर्गीकृत विज्ञापन ऑनलाइन भी दिए जाते हैं ।

### 6. सूचनाप्रद विज्ञापन

सूचनाप्रद विज्ञापन किसी विशेष सूचना को लोगों तक पहुँचाने के लिए बनाए जाते हैं। ताकि लोगों में जागरूकता पैदा हो। इस तरह के विज्ञापन सामूहिक विकास, सद्भावना, वन्य प्राणी रक्षा, यातायात सुरक्षा नियमों आदि से संबंधित होते हैं।

## विज्ञापन लेखन के तत्व




### कॉपी

किसी विज्ञापन में लिखी जाने वाली सारी सामग्री को ही कॉपी कहते हैं। अत: शेष सभी तत्व कॉपी के ही भाग हैं। अच्छी कॉपी संक्षिप्त और स्पष्ट होती है, जिससे उपभोक्ता को वह आसानी से समझ आ सके। कॉपी के केंद्र में आने वाले मूल विचार को कॉपी अपील कहते हैं। इसे पढ़कर ही ग्राहक उत्पाद के प्रति आकर्षित होता है, जैसे :

*"नया नवेला एल. जी. फ्रिज,*
*सर्वोत्तम है यह फ्रिज।"*

### शीर्ष पंक्ति

शीर्ष पंक्ति एक शब्द से लेकर एक वाक्य तक हो सकती है और इसे बड़े-बड़े अक्षरों में मुद्रित किया जाता है क्योंकि पाठक की नज़र सबसे पहले इसी पर पड़ती है। अत: यह इतनी अधिक प्रभावी होनी चाहिए कि पाठक को पूरा विज्ञापन पढ़ने की आवश्यकता ही महसूस न हो। जैसे :

*"अब लाइए विम बार, लगभग आधी कीमत में।"*

### उपशीर्ष पंक्ति

ये शीर्ष पंक्तियों की पूरक होती है। इनका मुद्रित आकार शीर्ष पंक्ति से छोटा और विज्ञापन की अन्य सामग्री से बड़ा होता है। ये शीर्ष पंक्ति के कार्य को आगे बढ़ाती हैं। जैसे :

*"बचाइए रु. 500 तक"* शीर्ष पंक्ति

*"आप बस अपना आई फोन आज ही बुक करवाइए।"* उपशीर्ष पंक्ति

### विज्ञापन पाठ

विज्ञापन पाठ के माध्यम से उत्पाद के विषय में पूरी जानकारी मिलती है और यह पाठक के मन पर अपना प्रभाव डालता है। उत्पाद को क्यों और कैसे खरीदा जाए, इसकी जानकारी यहाँ मिलती है।

### चित्र

चित्र विज्ञापन को लोकप्रिय और आकर्षक तो बनाते ही हैं साथ ही भाषा की कमी को पूरा कर देते हैं।

### व्यापारिक चिह्न

ये ट्रेडमार्क होते हैं। इन्हें निर्माता कंपनी अपनी पहचान के लिए प्रयोग में लाती है। ये हर कंपनी की निजी संपत्ति होते हैं।

### हस्ताक्षर

कोई भी कंपनी अपने उत्पाद को नकली उत्पादकों से बचाने के लिए इसका उपयोग करती है।


### सफ़ेद स्थान

किसी भी विज्ञापन में सफ़ेद स्थान के कंट्रास्ट में चित्र उभरकर आते हैं।

### बॉर्डर

विज्ञापन को आकर्षक बनाने के लिए उसके चारों ओर बॉर्डर बनाए जाते हैं। ये कलात्मक भी हो सकते हैं।

## विज्ञापन का प्रारूप



### स्मरणीय बिंदु

- *विज्ञापित वस्तु का नाम सबसे पहले लिखा होना चाहिए।*
- *विषय का स्पष्टीकरण होना चाहिए।*
- *प्रसंगानुसार कोई स्लोगन अथवा काव्यात्मक पंक्तियाँ लिखी हुई होनी चाहिए।*
- *विज्ञापन में संपर्क पता या दूरभाष का नंबर अवश्य लिखा होना चाहिए।*
- *विज्ञापन 25-50 शब्दों में लिखे जाते हैं। अत: शब्द सीमा का ध्यान रखना चाहिए।*
- *विशेष गुणों को रेखांकित करना चाहिए या मोटे अक्षरों में लिखना चाहिए।*
- *विज्ञापन पहली ही दृष्टि में आकर्षक होना चाहिए।*

उदाहरण 1. **घरेलू आटा चक्की की विशेषताओं को बताते हुए एक विज्ञापन 25-50 शब्दों में लिखिए।**




उदाहरण 2. **मासिक पत्रिका 'दीपालिका' के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए।**



## वर्णनात्मक प्रश्न

1. 'रोशनी मोमबत्ती' बनाने वाली कंपनी के लिए 25-50 शब्दों में आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

उत्तर :

# रोशनी मोमबत्ती

रोशनी लाओ घर में उजियारा फैलाओ



**विशेष आकर्षण :**

- देर तक चले
- ज्यादा चले
- कम धुएँ वाली
- आकर्षक रंगों में उपलब्ध

एक पैकेट के दाम में दो पैकेट ले जाइए और घर को रोशन बनाइए।

सभी प्रमुख स्टोर्स पर उपलब्ध

2. 'सर्वशिक्षा अभियान' के तहत 'वयस्क साक्षरता मिशन 2020' के लिए 25-50 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

उत्तर :

## शिक्षा के अवसर बढ़ाओ, युवाओं को साक्षर बनाओ

शिक्षा मंत्रालय द्वारा वयस्क शिक्षा अभियान के अंतर्गत 12 से 16 वर्ष की आयु के किशोर–किशोरियों को मुफ्त शिक्षा प्रदान की जा रही है।

आओ और इस अवसर का लाभ उठाओ और युवाओं को साक्षर बनाओ।



शिक्षा मंत्रालय द्वारा
जनहित में जारी

3. गांधी जयंती के अवसर पर खादी आश्रम में विशेष छूट दी गई है। इस आशय का एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

4. आप एक पुरानी कार बेचना चाहते हैं। कार का विवरण देते हुए 25-50 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए।

उत्तर :

## बिकाऊ है ! बिकाऊ है !




- मारुति आल्टो मॉडल 2015
- केवल 5000 किमी. तक चली हुई
- बेहतर इंजन
- स्टीरियो सिस्टम के साथ
- पॉवर स्टीयरिंग के साथ
- कीमत मात्र 2 लाख

आइए और अपनी कार का सपना पूरा कीजिए।

इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें : 45235××××2

5. पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए लगभग 25-50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

उत्तर :

## पर्यावरण विभाग द्वारा जनहित में जारी

मानव उठो अब तो जागो,
यूँ न समय तुम व्यर्थ गँवाओ।
धरा पर पेड़ लगाओ,
इसे हरी-भरी बनाओ।
हरियाली फैले चहुँ ओर,
पक्षी करें उन पर शोर।
बादल बरसाएँ अमृत कण,
मन नाचे बनकर मोर।



6. @किसी दर्दनाशक तेल का विज्ञापन तैयार कीजिए।


7. हेयर ऑयल के लिए 25-50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

उत्तर :

## पर्ल हेयर ऑयल

- वर्षों की रिसर्च का परिणाम
- आँवला, शिकाकाई आदि जड़ी बूटियों से युक्त
- बालों को काला, घना, लम्बा बनाए
- चिपचिपाहट रहित

पर्ल हेयर ऑयल लगाइए और रेशम से चमकते बाल पाइए।



सभी प्रमुख आयुर्वेदिक स्टोर्स पर उपलब्ध

8. आपके शहर में एक नया वाटर पार्क खुला है, जिसमें रोमांचक झूलों, मनोरंजक खेलों और खान-पान की व्यवस्था है। इसके लिए एक विज्ञापन का आलेख लगभग 50 शब्दों में तैयार कीजिए।

उत्तर :




9. @रुमेज़ा मोबाइल कंपनी के लिए विज्ञापन तैयार कीजिए।

10. हाथ की घड़ी के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

उत्तर :



11. आपके पिता अपना पुराना मकान बेचना चाहते हैं। मकान का विवरण देते हुए लगभग 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

उत्तर :



**बिकाऊ है**

***अजमेर रोड पर तीन मंजिला मकान बिकाऊ है।***

- **मकान के बीचोंबीच एक स्विमिंग पूल है।**
- **आगे छोटा-सा बगीचा है।**
- **हर मंजिल पर चार कमरे, रसोई और एक स्टोर रूम है।**
- **मकान की कीमत मात्र 40 लाख रुपए।**

[ मकान लेने के इच्छुक इस नं. पर संपर्क करें
941XXXX781 ]


12. Ⓐअपनी पुरानी पुस्तकें गरीब विद्यार्थियों में निःशुल्क वितरण करने के लिए एक विज्ञापन लिखिए।

13. विद्यालय की कलाविथी में कुछ चित्र बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। इसके लिए एक विज्ञापन लगभग 50 शब्दों में तैयार कीजिए। [CBSE 2018]

उत्तर :

**( अंबिका पब्लिक स्कूल )**

विद्यालय की कलाविथी में चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन के लिए आप सपरिवार इसका आनंद उठाएँ तथा मनपसंद चित्र खरीदें।



**स्थान : विद्यालय सभागार**



समय :
सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक

14. विद्यालय के रंगायन द्वारा प्रस्तुत नाटक के बारे में नाम, दिन, समय, टिकट-घर आदि की सूचना देते हुए एक विज्ञापन तैयार कीजिए। [CBSE 2017]

उत्तर :




15. आप अपने पिताजी के नाम पर एक विद्यालय की शुरुआत करने जा रहे हैं। उसका विज्ञापन लगभग 25-50 शब्दों में तैयार कीजिए। [CBSE 2016]

उत्तर :




16. एक आइसक्रीम का विज्ञापन तैयार कीजिए। [CBSE 2015]

उत्तर :



17. नगर में होने वाले दशहरा मेला के अवसर पर स्वयंसेवी युवकों की आवश्यकता का एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

18. पूजा अगरबत्ती का एक विज्ञापन लगभग 50 शब्दों में लिखिए।

उत्तर :




19. होली के अवसर पर आयोजित 'हास्य-व्यंग्य कवि सम्मेलन' का एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

उत्तर :



# TOPPER'S CORNER

## वर्णनात्मक प्रश्न

**1.** हिन्दी पुस्तकों की प्रदर्शनी में आधे मूल्य पर बिक रही महत्वपूर्ण पुस्तकों को खरीदकर लाभ उठाने के लिए लगभग 25 शब्दों में एक विज्ञापन लिखिए।


उत्तर




[CBSE Topper 2015]

**2.** विद्यालय में बनी मोमबत्तियों की बिक्री के लिए एक विज्ञापन लगभग 25 शब्दों में तैयार कीजिए।

उत्तर




[CBSE Topper 2016]